SE – 349

**IV Semester B.B.A./B.H.M. Examination, June/July 2026**
**(SEP 2024-25)**
**HINDI LANGUAGE – IV**

Time : 3 Hours Max. Marks : 80

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चुनकर लिखिए । **(10×1=10)**

1) कितने तहसीलों को रेल जोडती है ?
   1) दो 2) तीन 3) चार

Swami Vivekananda Rural First Grade College LIBRARY

2) बरसात में व्यापार की स्थिति कैसे हो जाती है ?
   1) तेज 2) बंद 3) धीमी

3) बाजामास्टर क्या बजा रहा था ?
   1) हारमोनियम 2) तबला 3) ढोलक

4) ब्रह्मचारी व्रत के लिए कितने किशोरों को तैयार किया गया ?
   1) दस 2) बीस 3) तीस

5) कौन बहुत सुंदर गाती थी ?
   1) लीला 2) बंसिरी 3) हेम

6) शिवराज सरनाम के साथ कितने साल रहता है ?
   1) चार 2) पाँच 3) तीन

7) कौन डकैती करता था ?
   1) शिवराज 2) बाजामास्टर 3) सरनाम सिंह

8) रंगीले की प्रिय एक्ट्रेस कौन थी ?
   1) मधुबाला 2) जया 3) सुरय्या

9) बाजामास्टर को नाटक कंपनी खोलने में कौन सहायता करते हैं ?
   1) सरनाम सिंह 2) हबीब साहब 3) शिवराज

10) 'एक सड़क सत्तावन गलियाँ' उपन्यासकार का नाम लिखिए ।
   1) प्रेमचंद 2) कमलेश्वर 3) राजीवशुक्ला

P.T.O.

II. किन्हीं **दो** की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए । (2×7=14)

1) ''यह सब तुम्हारा सर चढ़ाया हुआ है । सरनाम सिंह, नहीं तो मजाल है कोई विघ्न डाल दे इस तरह ।''

2) ''आग लगाकर इसकी टाँगे भुन दो जब तक चाबियाँ न दे, मरने देत देना ससुरी को ?''

3) 'ऐसी लड़की का कोई ठिकाना है जो बाजामास्टर के घर में रहे अकेली ।'

4) 'कमला, रोओगी तो मैं सब तहस-नहसकर डालूँगा, मेरी तरफ देखो...'

III. निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए । (1×15=15)

1) 'एक सड़क सत्तावन गलियाँ' उपन्यास का सारांश लिखकर उसके विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

2) 'एक सड़क सत्तावन गलियाँ' उपन्यास में चित्रित सामाजिक समस्याओं का विश्लेषण कीजिए ।

IV. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** पर टिप्पणी लिखिए । (3×7=21)

1) शिवराज ।

2) रंगीले ।

3) सरनाम सिंह ।

4) बाजामास्टर ।

5) हबीब साहब ।

V. किसी **एक** विषय पर रिपोर्ट लिखिए । (1×10=10)

1) दिनांक 10 जनवरी 2026 को बेंगलूरु विश्वविद्यालय के सभागार में हिन्दी दिवस समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. शेखर को आमंत्रित किया गया । इस कार्यक्रम का एक रिपोर्ट तैयार कीजिए ।

2) डॉ. अंबेड़कर भवन, जयनगर, बेंगलूरु में दिनांक 15 जनवरी को 'योगा दिवस मनाया गया' इस विषय पर रिपोर्ट तैयार कीजिए ।

VI. निम्नलिखित परिच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (10×1=10)

भारतीय संस्कृति विश्व की सबसे प्राचीन और समृद्ध संस्कृतियों में से एक मानी जाती है । इसकी विशेषता विविधता में एकता है । भारत में अनेक धर्म, भाषाएँ, वेष-भूष, परंपराएँ पाई जाती है । फिर भी यहाँ के लोग अपनी प्रेम और भाई चारे के साथ रहते है । भारतीय संस्कृति हम सत्य, अहिंसा, दया, करुणा और सम्मान जैसे उच्च नैतिक मूल्यों का पालन करना सिखाती है ।

भारत में त्योहारों का विशेष महत्व है । दीपावली, होली, ईद, क्रिसमस जैसे त्योहार सभी लोग मिल जुलकर मनाते है । जिससे आपसे संबंध मजबूत होते है । यहाँ की पारिवारिक व्यवस्था भी बहुत मजबूत मानी जाती है । जहाँ बड़ों का सम्मान और छोटों से प्यार सिखाया जाता है । भारतीय संस्कृति में शिक्षा, कला, संगीत, नृत्य का महत्वपूर्ण स्थान है । प्राचीन काल से ही भारत ज्ञान और विद्या का केन्द्र रहा है । भारतीय संस्कृति हमें आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा देती है ।

**प्रश्न :**

1) भारतीय संस्कृति को कैसी संस्कृति माना जाता है ?
2) भारतीय संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता क्या हैं ?
3) भारत में किन-किन प्रकार की विविधताएँ पाई जाती हैं ?
4) भारतीय संस्कृति हमें कौन-कौन से नैतिक मूल्य सिखाती हैं ?
5) भारत में त्योहारों का क्या महत्व है ?
6) किन-किन त्योहारों का उल्लेख इस परिच्छेद में किया गया हैं ?
7) भारतीय परिवार व्यवस्था की क्या विशेषता हैं ?
8) भारतीय संस्कृति में किन-किन क्षेत्रों का महत्वपूर्ण स्थान है ?
9) प्राचीन काल में भारत किस चीज के लिए प्रसिद्ध था ?
10) इस परिच्छेद का एक उचित शीर्षक लिखिए ।

---